# एम.पी.पी.एस.सी.

# प्रारंभिक परीक्षा–2020

# सामान्य अध्ययन–I

# (मॉडल पेपर–4)

1. निम्नलिखित में से किस अधिनियम के माध्यम से भारत में पहली बार मुसलमानों के लिये पृथक् निर्वाचक मंडल की व्यवस्था की गई थी?
   (a) 1861 का भारतीय परिषद अधिनियम
   (b) 1909 का मार्ले-मिंटो सुधार
   (c) 1919 का भारत शासन अधिनियम
   (d) 1935 का भारत शासन अधिनियम

2. 'राज्य पुनर्गठन आयोग' से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) केंद्र सरकार ने 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग बनाया।
   (b) राज्य पुनर्गठन आयोग ने अपनी रिपोर्ट में अस्वीकार किया कि राज्यों की सीमाओं का निर्धारण वहाँ बोली जाने वाली भाषा के आधार पर होना चाहिये।
   (c) इस आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 1956 में राज्य पुनर्गठन अधिनियम पारित हुआ।
   (d) राज्य पुनर्गठन अधिनियम के आधार पर 14 राज्य और 6 संघ राज्यक्षेत्र बनाए गए।

3. निम्न में से किस आयोग की प्रकृति संवैधानिक **नहीं** है?
   (a) राज्य निर्वाचन आयोग
   (b) राष्ट्रीय महिला आयोग
   (c) संघ लोक सेवा आयोग
   (d) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

4. निम्नलिखित में से कौन मुख्यमंत्री के कर्त्तव्यों में शामिल **नहीं** है?
   (a) राज्य के मामलों के प्रशासन से संबंधित मंत्रिपरिषद के सभी निर्णयों और विधायन के प्रस्तावों को राज्य के राज्यपाल को संसूचित कराना।
   (b) राज्य के प्रशासन के संबंध में राज्यपाल द्वारा मांगी गई सूचना और विधायन के प्रस्तावों को उपलब्ध कराना।
   (c) मासिक प्रतिवेदन में राज्य प्रशासन से संबंधित मंत्रिपरिषद के सभी निर्णयों को राष्ट्रपति को संसूचित करना।
   (d) यदि राज्यपाल चाहें तो ऐसे किसी मामले को, जिस पर किसी मंत्री द्वारा निर्णय लिया गया है, किंतु मंत्रिपरिषद द्वारा विचार नहीं किया गया है, मंत्रिपरिषद के विचारार्थ प्रस्तुत करना।

5. निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) भारत में राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के संबंध में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसका निपटान करने की शक्ति सिर्फ सर्वोच्च न्यायालय के पास ही है।
   (b) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या सदस्यों के आचरण की जाँच राष्ट्रपति के निवेदन पर सर्वोच्च न्यायालय ही करता है तथा उसकी सलाह राष्ट्रपति के लिये बाध्यकारी होती है।
   (c) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिये नियम है कि वे सेवानिवृत्ति के बाद भारत के किसी भी न्यायालय या अधिकरण में वकालत नहीं कर सकते।
   (d) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को अपने न्यायालय की अवमानना के लिये दंडित नहीं किया जा सकता है।

6. राज्यसभा की शक्तियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) सामान्य विधेयकों पर विचार कर उन्हें पारित करती है और धन विधेयकों में संशोधन प्रस्तावित करती है।
   (b) उपराष्ट्रपति को हटाने का प्रस्ताव केवल इसी सदन में लाया जा सकता है।
   (c) यह संसद को राज्य सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार दे सकती है।
   (d) उपर्युक्त सभी।

7. संविधान संशोधन विधेयक के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) लोकसभा का अध्यक्ष विधेयक को पारित कराने के लिये दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुला सकता है।
   (b) विधेयक को प्रत्येक सदन द्वारा विहित विशेष बहुमत से अलग-अलग पारित किया जाना आवश्यक है।
   (c) विधेयक को संसद के किसी भी सदन में पुर:स्थापित किया जा सकता है।
   (d) विधेयक को गैर-सरकारी सदस्य द्वारा भी प्रायोजित किया जा सकता है।

8. प्रेशर कुकर में भोजन पकाने में पारंपरिक भोजन पकाने की विधियों की तुलना में कम समय और जल का कम उपयोग क्यों होता है?
   (a) प्रेशर कुकर ऊष्मागतिकी में एक पृथक् निकाय का प्रतिनिधित्व करता है, जो किसी भी द्रव्यमान और ऊष्मा को निकाय से बाहर स्थानांतरित होने का अवसर नहीं देता।
   (b) प्रेशर कुकर के अंदर दाब अधिक होता है जिसके कारण जल का क्वथनांक घट जाता है।
   (c) प्रेशर कुकर के अंदर उर्ध्वपातन की गुप्त ऊष्मा बढ़ जाती है।
   (d) प्रेशर कुकर के अंदर उच्च दबाव के कारण जल का क्वथनांक बढ़ जाता है।

Drishti IAS

9. जब कोई प्रकाश किरण काँच की सिल्ली (स्लैब) में प्रवेश करती है तो इसकी-
   (a) केवल आवृत्ति बदलती है।
   (b) आवृत्ति और वेग बदलते हैं।
   (c) आवृत्ति नहीं बदलती।
   (d) आवृत्ति और तरंगदैर्ध्य बदलती हैं।

10. सूची-I का सूची-II से मिलान करें:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| **परमाणु शक्ति केंद्र** | **राज्य** |
| A. कलपक्कम | 1. उत्तर प्रदेश |
| B. नरौरा | 2. गुजरात |
| C. काकरापार | 3. तमिलनाडु |
| D. ट्रॉम्बे | 4. महाराष्ट्र |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

11. निम्नलिखित रसायनों को उनके सामान्य नामों के साथ सुमेलित कीजिये:

| **रसायन** | **सामान्य नाम** |
|---|---|
| A. सोडियम बाइकार्बोनेट | 1. लाफिंग गैस |
| B. सोडियम कार्बोनेट | 2. बेकिंग सोडा |
| C. नाइट्रस ऑक्साइड | 3. प्लास्टर ऑफ पेरिस |
| D. हाइड्रेटेड कैल्शियम सल्फेट | 4. वाशिंग सोडा |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

12. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है?

| **आविष्कार** | | **आविष्कारक** |
|---|---|---|
| (a) कोशिका की खोज | - | रॉबर्ट हुक |
| (b) सर्वप्रथम तालाब के जल में स्वतंत्र रूप से जीवित कोशिकाओं की खोज | - | कैनिलो गॉल्जी |
| (c) केंद्रक की खोज | - | रॉबर्ट ब्राउन |
| (d) जीवित एवं मुक्त कोशिकाओं की खोज | - | ल्यूवेनहाक |

13. 'Bombay Blood Group' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) इसमें एंटीजन A और B पाई जाती हैं।
   (b) इसमें एंटीबॉडी के रूप में केवल एंटीबॉडी-H पाई जाती है।
   (c) (a) और (b) दोनों
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

14. अक्सर समाचारों में आने वाले शब्द 'बायोफोर्टिफिकेशन' के संदर्भ में सही कथन है-
   (a) यह खाद्य फसलों में पोषण गुणवत्ता बढ़ाने की प्रक्रिया है।
   (b) यह समुद्री खाद्य स्रोतों से पोषक तत्त्वों को प्राप्त करने की प्रक्रिया है।
   (c) यह खाद्य प्रसंस्करण के दौरान पोषक तत्त्वों को शामिल करने की प्रक्रिया है।
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

15. नेट न्यूट्रेलिटी वह सिद्धांत है, जिसके तहत-
   (a) इंटरनेट सेवा प्रदाताओं द्वारा इंटरनेट उपयोगकर्त्ताओं को बिना किसी भेद-भाव के इंटरनेट पर उपलब्ध समस्त सामग्री तक पहुँचने में सक्षम बनाना चाहिये।
   (b) इंटरनेट सेवा प्रदाता को सभी को एकसमान बैंडविड्थ पर आँकड़े संबंधी सेवाएँ प्रदान नहीं करनी चाहिये।
   (c) सभी के लिये मुफ्त इंटरनेट नहीं होना चाहिये।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

16. भारत का पहला निजी मिसाइल उत्पादन केंद्र किस राज्य में अवस्थित है?
   (a) महाराष्ट्र (b) गुजरात
   (c) मध्य प्रदेश (d) तेलंगाना

17. चंदेल शासकों का शासन कहाँ था?
   (a) मालवा (b) बुंदेलखंड
   (c) शिवपुरी (d) ग्वालियर

18. चेदि राज्य किस भू-क्षेत्र से संबंधित है?
   (a) बघेलखंड (b) बुंदेलखंड
   (c) मालवा (d) निमाड़

19. मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र निम्न में से किस ज़िले में आता है?
   (a) ग्वालियर (b) मुरैना
   (c) गुना (d) भिंड

20. निम्नलिखित में से किसे 'दक्षिण का प्रवेश द्वार' कहा जाता है?
   (a) खंडवा (b) खरगौन
   (c) झाबुआ (d) बुरहानपुर

Drishti IAS

21. मध्य प्रदेश के विधि पुरुष (उपनाम) के नाम से किन्हें जाना जाता है?
    (a) पं. द्वारिका प्रसाद (b) राजेंद्र जैन
    (c) माखनलाल चतुर्वेदी (d) कुंजीलाल दुबे
22. लोकसभा के लिये मध्य प्रदेश से कितने निर्वाचन क्षेत्र आते हैं?
    (a) 40 (b) 39
    (c) 30 (d) 29
23. शरद जोशी सम्मान का संबंध किस क्षेत्र से है?
    (a) सामाजिक कार्य (b) फिल्म निर्माण
    (c) खेल (d) व्यंग्य लेखन
24. 'ई-गवर्नेंस में' 'ई' किस शब्द के लिये प्रयुक्त होता है?
    (a) इलेक्ट्रॉनिक (b) इलेक्ट्रॉन
    (c) ईमेल (d) इंटरनेट
25. निम्नलिखित में से किसमें अवरक्त तरंगों का उपयोग **नहीं** किया जाता है?
    (a) VCRS में (b) टेलीफोन संचार में
    (c) स्टीरियो में (d) टेलीविज़न रिमोट में
26. वाइड एरिया नेटवर्क (डब्ल्यू.ए.एन.) का उदाहरण है-
    (a) वाईमैक्स (b) इंटरनेट
    (c) यू.एस.बी. (d) ब्लूटूथ
27. केंद्रीय सतर्कता आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति के लिये राष्ट्रपति को सिफारिश करने वाली चयन समिति में कौन नहीं होता है?
    (a) प्रधानमंत्री
    (b) राज्यसभा का सभापति
    (c) गृहमंत्री
    (d) लोकसभा में विपक्ष का नेता
28. शहरी स्थानीय निकायों में सुधार करने वाला देश का छठा राज्य है-
    (a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
    (c) मध्य प्रदेश (d) गोवा
29. हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने किस ग्रह से पहला ऑडियो जारी किया है?
    (a) बुध (b) शुक्र
    (c) शनि (d) मंगल
30. हाल ही में पाँचवे जल महोत्सव का आयोजन मध्य प्रदेश के किस ज़िले में किया गया?
    (a) होशंगाबाद (नर्मदापुरम)(b) खंडवा
    (c) बैतूल (d) रायसेन
31. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
    (a) 12 दिसंबर, 2020 को मध्य प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।
    (b) आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के तहत प्रदेश में 800 नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है।
    (c) (a) और (b) दोनों
    (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
32. 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2021' में भारत को कौन-सा स्थान मिला?
    (a) 138वाँ (b) 139वाँ
    (c) 140वाँ (d) 142वाँ
33. वर्तमान में नीति आयोग के उपाध्यक्ष हैं-
    (a) अमिताभ कांत
    (b) डॉ. विनोद पॉल
    (c) डॉ. राजीव कुमार
    (d) रमेश चंद्र
34. 'संदेश' पत्रिका का प्रकाशन निम्न में से किस संस्थान/विभाग द्वारा किया जाता है?
    (a) मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी
    (b) मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग
    (c) मध्य प्रदेश कला परिषद
    (d) मध्य प्रदेश साहित्य परिषद
35. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I (दर्रा) | सूची-II (स्थान) |
|---|---|
| A. ज़ोजिला | 1. हिमाचल प्रदेश |
| B. शिपकी ला | 2. उत्तराखंड |
| C. लिपुलेख | 3. लद्दाख |
| D. नाथू ला | 4. सिक्किम |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

36. निम्नलिखित में से कौन-सी झील उल्कापातीय प्रभाव से बनी है?
    (a) वूलर झील (b) देबर झील
    (c) लोनार झील (d) लोकटक झील
37. प्रायद्वीपीय भारत की काली मृदा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?
    (a) लौह, चूना एवं पोटाश से समृद्ध
    (b) नमी के प्रति धारणशील
    (c) उर्वरक और गन्ना उत्पादन के लिये उपयुक्त
    (d) फॉस्फोरस और जैविक तत्त्व से समृद्ध

Drishti IAS

38. भारत में निम्नलिखित में से किस एक वन-प्रारूप में, सागौन (टीक) एक प्रभावी वृक्ष स्पीशीज़ है?
   (a) उष्णकटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती वन
   (b) उष्णकटिबंधीय वर्षा वन
   (c) उष्णकटिबंधीय कँटीली झाड़ी वन
   (d) घासस्थलयुक्त शीतोष्ण वन

39. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित है?
   (a) राष्ट्रीय जल अकादमी : रुड़की
   (b) केंद्रीय जल आयोग : नई दिल्ली
   (c) राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान : पुणे
   (d) केंद्रीय भूजल बोर्ड : फरीदाबाद

40. निम्नलिखित में से कौन-सा/से घटक उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करता है/करते हैं?
   (a) कच्चा माल
   (b) सरकारी नीतियाँ
   (c) परिवहन
   (d) उपर्युक्त सभी।

41. नगरीकरण प्रारूप के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सुमेलित **नहीं** है?

| | **नगर** | | **जनसंख्या** |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रथम वर्ग का नगर | : | 1 लाख से अधिक जनसंख्या |
| (b) | महानगर | : | 10 से 50 लाख की जनसंख्या |
| (c) | मेगा नगर | : | 50 लाख से अधिक जनसंख्या |
| (d) | कस्बा | : | 5000 से कम जनसंख्या |

42. निम्नलिखित में से कौन-सा पहला राज्य है, जिसने भारत में बाढ़ जोखिम वाले क्षेत्रों के लिये एटलस जारी किया है?
   (a) ओडिशा  (b) असम
   (c) केरल  (d) तमिलनाडु

43. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (घटना)** | **सूची-II (दिनांक)** |
|---|---|
| A. ग्रीष्म संक्रांति | 1. 21 जून |
| B. शीत संक्रांति | 2. 22 दिसंबर |
| C. बसंत विषुव | 3. 23 सितंबर |
| D. शरद् विषुव | 4. 21 मार्च |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

44. इटली के नए प्रधानमंत्री के रूप में निम्न में से किसे नियुक्त किया गया है?
   (a) जिएसेपे कॉन्टो
   (b) मारियो द्राघी
   (c) योशीहिदे सुगा
   (d) महिंद्रा राजपक्षे

45. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित है?

| | **यातायात** | | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|
| (a) | सेंट लॉरेंस नदी | : | यह यूएस और कनाडा दोनों के लिये उपयोगी है। यह एक विशेष व्यावसायिक जल परिवहन मार्ग है, जो उत्तरी अमेरिका के उत्तरी हिस्सों को जोड़ता है। |
| (b) | उत्तर अटलांटिक मार्ग | : | यह ऑस्ट्रेलिया के डर्बन और मेलबर्न शहरों को जोड़ता है। |
| (c) | ट्रांस-कॉन्टिनेंटल स्टुअर्ट हाइवे | : | यह दुनिया का सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्ग है, जो पश्चिमी यूरोप और पूर्वी उत्तरी अमेरिका को जोड़ता है। |
| (d) | ओरियंट एक्सप्रेस रेलवे | : | यह चिली की राजधानी सेंटियागो को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स से जोड़ता है। |

46. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अनुक्रमण (Succession) की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?
   (a) किसी भी पारितंत्र में मांसाहारी जंतुओं द्वारा शाकाहारी जंतुओं का शिकार कर उनकी संख्या को नियंत्रित करना।
   (b) किसी भी पारितंत्र में जीवधारियों द्वारा खनिज तत्त्वों को अकार्बनिक रूप से ग्रहण करना।
   (c) किसी भी पारितंत्र की प्रारंभिक प्रजातियों का द्वितीय प्रजातियों द्वारा प्रतिस्थापन से उसकी संरचना में परिवर्तन।
   (d) दो विभिन्न प्रकार के पारितंत्रों का संक्रमण क्षेत्र।



Drishti IAS

47. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है?

| **वायु प्रदूषक** | | **प्रभाव** |
|---|---|---|
| (a) क्लोरोफ्लोरोकार्बन | : | वायुमंडल में ओज़ोन परत में ह्रास |
| (b) सल्फर डाईऑक्साइड | : | अम्लीय वर्षा |
| (c) सीसा का यौगिक | : | जोड़ों का दर्द |
| (d) कार्बन डाईऑक्साइड | : | ग्रीनहाउस प्रभाव में सर्वाधिक योगदान |

48. एजेंडा 21 का अभिप्राय है-
   (a) जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने हेतु संयुक्त राष्ट्र द्वारा विकसित देशों हेतु प्राप्य लक्ष्यों की सूची।
   (b) जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने हेतु संयुक्त राष्ट्र द्वारा विकासशील देशों के लिये प्राप्य लक्ष्यों की सूची।
   (c) जून 1992 में रियो-डी-जेनेरियो में आयोजित पृथ्वी सम्मेलन में अपनाई गई वैश्विक कार्य योजना।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

49. निम्नलिखित कथनों में से **गलत** कथन का चुनाव कीजिये:
   (a) जेनेवा प्रोटोकॉल जैव-विविधता से संबंधित है।
   (b) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ओज़ोन परत के संरक्षण से संबंधित है।
   (c) CITES, वन्यजीवों के अवैध व्यापार को रोकने से संबंधित है।
   (d) रामसर कन्वेंशन आर्द्रभूमियों के संरक्षण से संबंधित है।

50. 'क्लाउड सीडिंग' के लिये प्रयुक्त सबसे सामान्य रसायन है-
   (a) सिल्वर आयोडाइड
   (b) पोटैशियम आयोडाइड
   (c) ठोस कार्बन डाईऑक्साइड
   (d) उपर्युक्त सभी।

51. राज्य मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति कौन करता है?
   (a) राज्यपाल
   (b) विधानमंडल
   (c) मुख्य निर्वाचन आयुक्त
   (d) संसद

52. मध्य प्रदेश राज्य मानव अधिकार के कृत्यों में इनमें से कौन-सा शामिल **नहीं** है?
   (a) किसी शासकीय सेवक द्वारा मानव अधिकार हनन के मामले की शिकायत की जाँच।
   (b) किसी व्यक्ति द्वारा किये गए मानव अधिकार हनन के मामले में की गई शिकायत की जाँच।
   (c) राज्य सरकार को सूचित करके जल की दशाओं का निरीक्षण करना।
   (d) उपर्युक्त मामलों पर की गई शिकायत सही पाई जाने पर दंडात्मक कार्यवाही का आदेश पारित करना।

53. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष को दर्जा प्राप्त है-
   (a) केंद्रीय सचिव का
   (b) राज्य मंत्री का
   (c) केंद्रीय कैबिनेट मंत्री का
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

54. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यों में इनमें से कौन-सा एक कार्य शामिल **नहीं** है?
   (a) असंवैधानिक तथा अन्य कानूनों के तहत पिछड़ा वर्ग को प्राप्त सुरक्षा की जाँच एवं निगरानी करना।
   (b) पिछड़े वर्गों के अधिकारों के उल्लंघन की विशिष्ट शिकायतों की जाँच करना।
   (c) पिछड़े वर्गों से संबंधित शिकायतें सही पाई जाने पर दंडात्मक कार्यवाही करना।
   (d) पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक विकास के संबंध में केंद्र सरकार को सलाह देना।

55. राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के अध्यक्ष की नियुक्ति इनमें से कौन करता/करती है?
   (a) समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति।
   (b) भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से केंद्र सरकार।
   (c) केंद्र सरकार की सलाह पर भारत के मुख्य न्यायाधीश।
   (d) नियुक्ति समिति के परामर्श पर केंद्र सरकार।

56. प्रपाती प्रभाव (Cascading Effect) क्या है?
   (a) किसी वस्तु के उत्पादन के समय प्रत्येक चरण में अत्यधिक करारोपण से उसका मूल्य अधिक हो जाना।
   (b) वस्तु के उत्पादन के समय उसका कोई भी चरण करारोपित न हो, केवल निर्गत मूल्य पर अत्यधिक करारोपण से उसका मूल्य बढ़ जाना।
   (c) वस्तु के उत्पादन के लिये ज़रूरी आगत (Input) का करारोपित होना तथा उत्पादन के प्रत्येक चरण में कर के ऊपर कर लगाने से वस्तु का लागत-मूल्य बढ़ जाना।
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।



Drishti IAS

57. विश्व की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी है-
   (a) अमेज़ॉन (b) फ्लिपकार्ट
   (c) अलीबाबा (d) पेटीएम मॉल

58. निम्नांकित में से कौन एक युग्म सुमेलित **नहीं** है?

| | **इस्पात संयंत्र** | **सहयोगी देश** |
|---|---|---|
| (a) | बोकारो इस्पात संयंत्र | जर्मनी |
| (b) | भिलाई इस्पात संयंत्र | सोवियत संघ (रूस) |
| (c) | राउरकेला इस्पात संयंत्र | जर्मनी |
| (d) | दुर्गापुर इस्पात संयंत्र | यू.के. (ब्रिटेन) |

59. 'सलामी साइबर अटैक' क्या है?
   (a) 'जोबी' या 'रोबोट' टूल द्वारा किसी लक्षित व्यक्ति को अत्यधिक संख्या में ई-मेल भेजना।
   (b) ऑनलाइन माध्यम से किसी व्यक्ति को परेशान करने के लिये लगातार ई-मेल या मैसेज भेजना।
   (c) ई-मेल और कंप्यूटर में खोली गई वेबसाइटों का उपयोग करके किसी भी व्यक्ति की निजी जानकारी चोरी करना।
   (d) अनेक बैंक खातों से बहुत कम राशि के रूप में पैसे चुराना।

60. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:

| **शब्दावली** | | **टिप्पणी** |
|---|---|---|
| A. शून्य आधारित बजटिंग | 1. | केवल भौतिक निर्गत की बजटिंग नहीं, बल्कि उद्देश्यों की उपलब्धि |
| B. आउटकम बजटिंग | 2. | विश्लेषणात्मक मापदंडों पर निर्धारित दर |
| C. बेस रेट | 3. | वस्तुनिष्ठ मापदंडों पर निर्धारित दर |
| D. प्राथमिक उधार दर | 4. | किसी कार्यक्रम की गैर-उपयोगिता मानते हुए शून्य से बजटिंग करना और इसकी आवश्यकता समझते हुए आवंटन करना |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

61. भारत की गिनती 'जनांकिकीय लाभांश' (Demographic Dividend) के रूप में की जाती है। ऐसा इसलिये है, क्योंकि-
   (a) यहाँ 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है।
   (b) यहाँ 15-64 वर्ष आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है।
   (c) यहाँ 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है।
   (d) यहाँ की कुल जनसंख्या अधिक है।

62. निम्नलिखित में से कौन-सी लिपियाँ अशोक के अभिलेखों में प्रयुक्त हुईं?
   (a) देवनागरी, अरामाइक, ब्राह्मी एवं खरोष्ठी
   (b) ब्राह्मी, खरोष्ठी एवं अरामाइक
   (c) खरोष्ठी, ब्राह्मी, ग्रीक एवं शारदा
   (d) ब्राह्मी, खरोष्ठी, ग्रीक एवं देवनागरी

63. निम्नलिखित यात्रियों के भारत आने का सही क्रम कौन-सा है?
   (a) फाह्यान, कॉस्मॉस, ह्वेनसांग, इत्सिंग
   (b) ह्वेनसांग, फाह्यान, इत्सिंग, कॉस्मॉस
   (c) कॉस्मॉस, फाह्यान, ह्वेनसांग, इत्सिंग
   (d) इत्सिंग, ह्वेनसांग, कॉस्मॉस, फाह्यान

64. हड़प्पा संस्कृति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) इस संस्कृति के लोगों ने सबसे पहले कपास का उत्पादन किया था।
   (b) इस काल के लोगों ने लोहे के औजारों का उपयोग किया था।
   (c) इस काल के लोग तिल और सरसों का उत्पादन करते थे।
   (d) कालीबंगन में जुते हुए खेत के अवशेष पाए गए हैं।

65. 'असतो मा सद्गमय' निम्नलिखित में से किससे लिया गया है?
   (a) ऋग्वेद
   (b) सामवेद
   (c) अथर्ववेद
   (d) बृहदारण्यक उपनिषद् शुक्ल यजुर्वेद

66. मध्य प्रदेश नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी कहाँ है?
   (a) इंदौर
   (b) जबलपुर
   (c) ग्वालियर
   (d) भोपाल


Drishti IAS

67. निम्नलिखित में से किस शासक ने जूनागढ़ अभिलेख का निर्माण करवाया था?
    (a) कनिष्क (b) खारवेल
    (c) रुद्रदामन (d) मिनांडर
68. आहत सिक्कों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?
    (a) आहत सिक्के तांबे और चांदी में ढाले गए।
    (b) सिक्कों को जारी करने का अधिकार केवल राजा के पास था।
    (c) (a) और (b) दोनों।
    (d) भारत में सर्वप्रथम आहत सिक्कों का प्रचलन छठी शताब्दी ईसापूर्व में मिलता है।
69. चंद्रगुप्त द्वितीय के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
    (a) उसके काल में गुप्त साम्राज्य उत्कर्ष के शिखर पर पहुँचा।
    (b) उसने उज्जैन को द्वितीय राजधानी बनाया था।
    (c) उसके काल में यात्री ह्वेनसांग भारत आया।
    (d) विक्रमादित्य उसकी उपाधि थी।
70. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (पुस्तक)** | **सूची-II (लेखक)** |
|---|---|
| A. बादशाहनामा | 1. अब्दुल कादिर बदायूँनी |
| B. हुमायूँनामा | 2. चंद्रभान |
| C. चार चमन | 3. गुलबदन बेगम |
| D. मुंतखाब-उत-तवारीख | 4. अब्दुल हमीद लाहौरी |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

71. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

| **मध्यकालीन विभाग** | | **संबंधित प्रधान** |
|---|---|---|
| (a) दीवान-ए-अर्ज़ | : | आरिज़-ए-मुमालिक |
| (b) कारखाना | : | वकील-ए-दर |
| (c) धार्मिक संस्थान | : | आला सदर |

    (d) उपर्युक्त सभी।
72. 'झाँसी की रानी' किसकी रचना है?
    (a) सुभद्राकुमारी चौहान
    (b) पद्माकर
    (c) माखनलाल चतुर्वेदी
    (d) गजानन माधव मुक्तिबोध
73. 1857 के विद्रोह का निम्नलिखित में से कौन-सा एक कारण **नहीं** था?
    (a) यह अफवाह उड़ाई गई कि ब्रिटेनवासियों ने बाज़ार में बिकनेवाले आटे में गाय और सूअर की हड्डियों का चूर्ण मिलाया था।
    (b) यह भविष्यवाणी की गई कि प्लासी युद्ध की शताब्दी पर 23 जून, 1857 को ब्रिटिश शासन का अंत होगा।
    (c) ब्रिटिश शासन से सामान्य जन में असंतोष।
    (d) यह भविष्यवाणी की गई कि ब्रिटिश शासन के अंत के साथ कलियुग का अंत होगा और रामराज्य फिर से आएगा।
74. इल्बर्ट बिल विवाद किससे संबंधित था?
    (a) भारतीयों द्वारा हथियार लेकर चलने पर कुछ प्रतिबंधों को लागू किया जाना।
    (b) भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों व पत्रिकाओं पर प्रतिबंध लागू किया जाना।
    (c) यूरोप के लोगों के मामलों की सुनवाई करने के लिये भारतीय न्यायाधीशों पर लगाई गई अयोग्यताओं को हटाया जाना।
    (d) आयातित सूती कपड़े पर लगाए गए शुल्क को हटाया जाना।
75. 'कोयला के उत्पादन' में मध्य प्रदेश का देश में कौन-सा स्थान है?
    (a) पहला (b) तीसरा
    (c) चौथा (d) आठवाँ
76. भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना कब की गई थी?
    (a) 1 अप्रैल, 1935 को (b) 5 सितंबर, 1934 को
    (c) 2 अप्रैल, 1926 को (d) 2 अक्टूबर, 1949 को
77. मलखंब के लिये द्रोणाचार्य पुरस्कार किसे दिया गया है?
    (a) सत्येंद्र सिंह लोहिया (b) योगेश मालवीय
    (c) हर्षिता तोमर (d) मुस्कान किरार
78. हाल ही में 93वाँ ऑस्कर अवॉर्ड्स 2021 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड किस फिल्म को प्राप्त हुआ?
    (a) नोमेडलैंड (b) द फादर
    (c) मिनारी (d) जुड्स एंड ब्लैक मसीहा
79. हाल ही में चंबल एक्सप्रेस वे का नाम परिवर्तित करके किया गया है-
    (a) अटल प्रोग्रेस वे
    (b) पं. दीनदयाल एक्सप्रेस वे
    (c) नरेंद्र मोदी एक्सप्रेस वे
    (d) इनमें से कोई नहीं।



Drishti IAS

80. फरवरी 2021 में खजुराहो नृत्य समारोह के कौन-से सत्र का आयोजन हुआ?
   (a) 42वाँ (b) 45वाँ
   (c) 36वाँ (d) 47वाँ

81. हाल ही में किसे मध्य प्रदेश विधानसभा का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है?
   (a) रामेश्वर शर्मा (b) कमलनाथ
   (c) नरेंद्र कुमार जैन (d) गिरीश गौतम

82. मध्य प्रदेश के किस शहर की चाइल्ड 766 आर्टिस्ट ग्रेसी गोस्वामी ने कोरोना वायरस पर बनी फिल्म 'कांटेक्टज्ज्' में अहम किरदार निभाया है?
   (a) भोपाल (b) इंदौर
   (c) ग्वालियर (d) शिवपुरी

83. समर्थन मूल्य के आधार पर गेहूँ उपार्जन में मध्य प्रदेश का देश में कौन-सा स्थान है?
   (a) द्वितीय (b) प्रथम
   (c) तृतीय (d) चतुर्थ

84. दक्षिण-मध्य रेलवे ने 'Rail-Bot' नामक एक रोबोट विकसित किया है, जो संबंधित है-
   (a) शिक्षा से (b) स्वास्थ्य से
   (c) बैंकिंग से (d) उद्योग से

85. विश्व की सबसे बड़ी रेडियो दूरबीन फास्ट (FAST) का परिचालन किस देश में किया गया है?
   (a) अमेरिका (b) रूस
   (c) चीन (d) कतर

86. हाल ही में चर्चा में रहा nCoVSENSe क्या है?
   (a) कोरोना वायरस की एक वैक्सीन
   (b) कोविड-19 के लिये मॉड्यूल परीक्षण
   (c) एक रोबोट
   (d) इनमें से कोई नहीं।

87. केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान का मुख्यालय है-
   (a) कटक में (b) नई दिल्ली में
   (c) भोपाल में (d) देहरादून में

88. आँकड़ा संचार तंत्र का/के अंग है/हैं-
   (a) संदेश (b) भेजने वाला
   (c) प्रोटोकॉल (d) उपर्युक्त सभी।

89. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की स्थापना कब की गई थी?
   (a) 1990 में (b) 2004 में
   (c) 1992 में (d) 2017 में

90. निम्न में से किस देश की टीम टी-20 क्रिकेट में 100 अंतर्राष्ट्रीय मैच जीतने वाली पहली टीम बन गई है?
   (a) ऑस्ट्रेलिया (b) भारत
   (c) पाकिस्तान (d) इंग्लैंड

91. निम्न में से कौन-सा टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर (362) के बाद ग्रैंड स्लैम में 300 जीत दर्ज करने वाला दुनिया का दूसरा खिलाड़ी बन गया है?
   (a) रोहन बोपन्ना (b) नोवाक जोकोविच
   (c) एंडी मरे (d) सोमदेव देवबर्मन

92. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद शहर का नाम बदलकर क्या रखने की घोषणा की है?
   (a) नर्मदापुरम (b) अमृतपुरम
   (c) गोसाईंपुर (d) रामपुर

93. टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में युवराज सिंह के बाद लगातार 6 गेंद पर 6 छक्के मारने वाला विश्व का दूसरा खिलाड़ी निम्न में से कौन बन गया है?
   (a) कीरोन पोलार्ड (b) महेंद्र सिंह धोनी
   (c) रविंद्र जडेजा (d) विराट कोहली

94. संविधान के मूल ढाँचे का सिद्धांत दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एवं इडनीर हिंदू मठ के प्रमुख केशवानंद भारती का निधन कब हुआ?
   (a) 6 सितंबर, 2020 (b) 2 फरवरी, 2021
   (c) 13 सितंबर, 2020 (d) 11 सितंबर, 2020

95. निम्नलिखित में से संविधान सभा में 'उद्देश्य संकल्पना' को किसने प्रस्तुत किया था?
   (a) बी.आर. अंबेडकर (b) बी.एन. राव
   (c) जवाहरलाल नेहरू (d) राजेंद्र प्रसाद

96. संविधान के किस भाग में नागरिकता का उल्लेख किया गया है?
   (a) भाग-II (b) भाग-III
   (c) भाग-IV (d) भाग-V

97. एफ.आर.बी.एम. एक्ट का क्या उद्देश्य है/हैं?
   (a) राजस्व घाटे को कम करना
   (b) राजकोषीय घाटे को कम करना
   (c) बैंक घाटे का प्रबंधन
   (d) (a) और (b) दोनों

98. निम्न में से विटामिन $B_1$ की कमी से होने वाला रोग है-
   (a) एनीमिया (b) पीलिया
   (c) बेरी-बेरी (d) पेलाग्रा

99. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) का मुख्यालय कहाँ है?
   (a) विशाखापत्तनम (b) हैदराबाद
   (c) बंगलूरू (d) कोलकाता

100. भारत में प्रथम राष्ट्रीय विज्ञान नीति कब आई?
   (a) 1958 में (b) 1960 में
   (c) 2000 में (d) 2019 में

Drishti IAS

# एम.पी.पी.एस.सी. प्रारंभिक परीक्षा-2020
## सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-4)
### उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 26. | (b) | 51. | (a) | 76. | (a) |
| 2. | (b) | 27. | (b) | 52. | (d) | 77. | (b) |
| 3. | (b) | 28. | (d) | 53. | (c) | 78. | (a) |
| 4. | (c) | 29. | (d) | 54. | (c) | 79. | (a) |
| 5. | (d) | 30. | (b) | 55. | (b) | 80. | (d) |
| 6. | (d) | 31. | (c) | 56. | (c) | 81. | (d) |
| 7. | (a) | 32. | (b) | 57. | (a) | 82. | (a) |
| 8. | (d) | 33. | (c) | 58. | (a) | 83. | (b) |
| 9. | (c) | 34. | (b) | 59. | (d) | 84. | (b) |
| 10. | (a) | 35. | (c) | 60. | (b) | 85. | (c) |
| 11. | (b) | 36. | (c) | 61. | (b) | 86. | (b) |
| 12. | (b) | 37. | (d) | 62. | (b) | 87. | (a) |
| 13. | (d) | 38. | (a) | 63. | (a) | 88. | (d) |
| 14. | (a) | 39. | (b) | 64. | (b) | 89. | (c) |
| 15. | (a) | 40. | (d) | 65. | (d) | 90. | (c) |
| 16. | (d) | 41. | (d) | 66. | (d) | 91. | (b) |
| 17. | (b) | 42. | (b) | 67. | (c) | 92. | (a) |
| 18. | (b) | 43. | (b) | 68. | (b) | 93. | (a) |
| 19. | (d) | 44. | (b) | 69. | (c) | 94. | (a) |
| 20. | (d) | 45. | (a) | 70. | (b) | 95. | (c) |
| 21. | (d) | 46. | (c) | 71. | (d) | 96. | (a) |
| 22. | (d) | 47. | (c) | 72. | (a) | 97. | (d) |
| 23. | (d) | 48. | (c) | 73. | (d) | 98. | (c) |
| 24. | (a) | 49. | (a) | 74. | (c) | 99. | (c) |
| 25. | (b) | 50. | (d) | 75. | (c) | 100. | (a) |

Drishti IAS